## एक नजर में

### ग्रामीण मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग में हुए आठ सत्र



**सरदारपुर ।** प्रशिक्षण वर्ग में दो दिन में 8 सत्र हुए, सत्र प्रारंभ करने के पूर्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। पश्चात सभी अतिथियों का पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष आशीष जैन ने दिया। प्रशिक्षण वर्ग में 8 सत्र में वैचारिक अधिष्ठाता,बूथ प्रबंधन, इतिहास और विकास, कार्य पद्धति, कार्य विस्तार, सरकार की उपलब्धि, सोशल मीडिया सहित अन्य विषय पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य वक्ता के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष निलेश भारती, राकेश पटेल, कमल यादव, पूर्व विधायक वेलसिंह भूरिया, मनोज सोमानी, देवेंद्र पाटीदार, कपिल निनामा, सोनू रघुवंशी, राखी राय ने संगठन पर बात रखी। उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती ने प्रशिक्षण वर्ग में सहभागी होकर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की कार्यप्रणाली को और अधिक सशक्त बनाने, बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने तथा सेवा, समर्पण और राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचने के साथ ही कार्यकर्ताओं से संगठन की विचारधारा और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा निरंतर सक्रिय रहकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का आह्वान किया। ओर आगे कहा ऐसे प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा, स्पष्ट दिशा और संगठन के प्रति समर्पण का भाव जागृत करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनते हैं। दो दिन चले इस प्रशिक्षण वर्ग में सांस्कृतिक कार्यक्रम, योग क्रीड़ा, प्रार्थना जैसी गतिविधियां भी हुई।

### संदीपनी विद्यालय के प्रवेश उत्सव में गूंजे प्रेरणा के स्वर

**धार ।** शहर के शासकीय सांदीपनि विद्यालय में बुधवार को प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अतिथियों के प्रेरणाप्रद संस्मरणों ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त नरोत्तम बरख? ने की, जबकि पूर्व पार्षद विपिन राठौर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अधिकारियों और शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के तिलक लगाकर की गई। अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को नई पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया, जिससे विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान सहायक आयुक्त बरख? ने अपने जीवन के संघर्षपूर्ण अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद शिक्षा ही सफलता का सबसे ब?ा आधार है। उनके संस्मरणों ने विद्यार्थियों को गहराई से प्रेरित किया जिससे प्रेरित होकर विद्यार्थियों ने भी हर परिस्थिति में अपनी प?ाई जारी रखने का संकल्प लिया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. स्मृति रत्न मिश्र ने स्वागत भाषण देते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। पूर्व पार्षद राठौर ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने की सलाह दी और कक्षा 10वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को पुरस्कृत करने की बात कहीं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को मिठाई वितरित की गई और विशेष भोज दिया गया। नए सत्र की शुरुआत को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह नजर आया। सेल्फी प्वाइंट बना आकर्षण का केंद्र- सांदीपनि विद्यालय में प्रवेश उत्सव के अवसर पर विद्यार्थीयो और शिक्षकों के द्वारा सेल्फी प्वाइंट बनाया गया था जो आकर्षण का केंद्र रहा।अतिथियों , पालकों, विद्यार्थियों ने इसमें खूब सेल्फी लीं। इसको लेकर अतिथियों एवं फलों में खास रहा और उन्होंने सेल्फी ली।

### स्वच्छ और ठंडा जल देने वाले हैंडपंप के आसपास गंदगी का अंबार कौन करें सफाई...



**बाग।** टांडा बायपास स्टेशन पर शुद्ध एवं एकदम ठंडा जल देने वाला हेंडपंप इन दिनों गंदगी से घीरा हुआ है ।जिसकी कोई सुध लेने वाला नहीं है ।कहीं यही गंदगी उसकी शुद्धता को ना घेर लै ओर लोग इसका पानी पीने से गंभीर बिमारी का शिकार ना हो जाए ।टांडा बायपास पर अपने घरों को तर करने वाला शुद्ध जल का हेंडपंप जिसमें कुदरती ठंडा पानी फ्रिज जैसा निकलता हे जिसका पानी पीने के लिए बसों के ड्राइवरों से लेकर हर कोई वहां का पानी पीने के लिए ललाहित होता है आज वही हेंडपंप के इर्द गिर्द गंदगी फैली हुई हे साथ ही उसका दावा भी बहुत समय से टूट फूट गया है मगर कोई उसकी सुध लेने वाला नहीं है हर कोई उस हैंडपंप का पानी पीकर अपना गला तर करते है ।जिम्मेदार विभाग भी नहीं सुध ले रहा हे इस हेंडपंप की जहां कुदरती ठंडा पानी निकलता हे वही बागनी नदी के पार एक हेंडपंप पुरी तरह निचे से सड़क गया हे हिलाने पर पुरा हैंडपंप हिलता हे एसा लगता हे मानो अभी टूटकर गिर जाएगा आसपास के लोग बताते है कि विगत एक वर्ष उपर से इस हेंडपंप की यह दशा बंशी हुई हे मगर इसका विभाग अभी तक नही जागा हे की इसकी सुध लेली जाए जहां मवेशी वगेहरा भी पानी पीने आते हैं लोग वापरने से लगाकर पीने में भी वहां का पानी इस्तमाल करते हे उसके बावजुद उसकी यह स्थिती सिस्टम पर सवाल खड़ा करती है ।

### भाजपा जिला कार्यालय बनने से पार्टी संगठन के कार्यों को मिलेगी और मजबूती...

**मनावर।** भाजपा धार ग्रामीण जिला कार्यालय के लिए भूमि का पंजीयन (रजिस्ट्री) प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन की उपस्थिति में संपन्न हुआ। शीघ्र ही मनावर में सिंघाना मनावर रोड जाजमखेड़ी फाटे पास भाजपा धार ग्रामीण जिला कार्यालय भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। निश्चित तौर पर यह कार्यालय कार्यकर्ताओं के लिये संगठन के मंदिर के रूप में स्थापित होने जा रहा है। आज इस ऐतिहासिक भवन के निर्माण से भारतीय जनता पार्टी संगठन के कार्यों और मजबूती मिलेगी। साथ ही सरकार की योजनाओं एवं भाजपा कार्यकर्ताओं की आवास को और अधिक मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल भाजपा धार ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार जिला संगठन प्रभारी राधेश्याम यादव नगर मंडल अध्यक्ष मोनू पाटीदारव व पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे? भाजपा धार ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार बताया कि जिला कार्यालय के लिए जमीन खरीदी है।





# स्कूल चले हम अभियान : कॉपी- किताबें और साइकिलें पाकर खिले नन्हें-मुन्नों के चेहरे

▸ **नवीन सत्र के शुभारंभ पर छात्राओं का स्वागत कर तिलक लगाकर मनाया प्रवेशोत्सव**

**धार।** स्कूल चले अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन एकीकृत शासकीय भोज कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, धार में उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक नीना विक्रम वर्मा द्वारा विद्यालय की घंटी बजाकर किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक चौधरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक श्रीमती वर्मा ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही सशक्त समाज की नींव है। उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वास, मेहनत एवं लगन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी, जिससे वे अपने परिवार, समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।

### शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराई

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिनका लाभ उठाकर बालिकाएं अपने भविष्य को उज्वल बना सकती हैं। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे बालिकाओं की शिक्षा को प्राथमिकता दें और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजें।कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्राओं का तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही छात्राओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण एवं साइकिल वितरण भी किया गया। इस अवसर पर छात्राएं बहुत उत्साहित नजर आई। विद्यालय परिवार द्वारा सभी छात्राओं को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। स्वागत भाषण संस्था प्राचार्य श्री राजेंद्र पांडे द्वारा दिया गया।

जिला परियोजना समन्वयक प्रदीप खरे ने जिले की शैक्षणिक उपलब्धियों एवं नवीन शैक्षणिक सत्र के लक्ष्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान विधायक द्वारा विद्यालय में चार नवीन शौचालय निर्माण की घोषणा भी की गई। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती आशा पटेल, सहायक आयुक्त श्री नरोत्तम बरकड़े, जिला शिक्षा अधिकारी श्री केशव वर्मा, डाइट प्राचार्य श्री मनोज शुक्ला, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक श्री भरतराज सिंह राठौर एवं श्री देवेंद्र दीक्षित सहित जिला शिक्षा केंद्र एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक परियोजना समन्वयक श्री प्रवीण शर्मा द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन जिला शिक्षा अधिकारी केशव वर्मा ने किया।





## महाराणा प्रताप चौक पर प्रतीक्षालय नहीं, धूप-बारिश में परेशान यात्री

▸ **फंड मौजूद, जमीन नहीं मिलने से अटका निर्माण, लोगों ने की समस्या के समाधान की मांग**

**बदनावर ।** शहर के सबसे व्यस्त महाराणा प्रताप चौक पर यात्री प्रतीक्षालय नहीं होने से रोजाना सैकड़ों लोगों को तेज धूप, गर्मी और बारिश में खुले आसमान के नीचे वाहन का इंतजार करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोग, विद्यार्थी, महिलाएं, बुजुर्ग और नौकरीपेशा वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। मौसम की मार के बीच यात्रियों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। फोरलेन सड़क निर्माण से पहले यहां यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय मौजूद था, जिससे लोगों को काफी सुविधा मिलती थी, लेकिन सड़क चौड़ीकरण के दौरान उसे हटा दिया गया। इसके बाद से आज तक नई व्यवस्था नहीं हो सकी।

मामले में वार्ड क्रमांक 1 की पार्षद भारती राठौड़ ने बताया कि संबंधित स्थान पर शासकीय भूमि उपलब्ध नहीं होने से निर्माण कार्य अटका हुआ है। नगर परिषद द्वारा नई भूमि उपलब्ध कराने के लिए शासन स्तर पर प्रस्ताव भी भेजा गया था, लेकिन न्यायालय के निर्णय के कारण प्रस्तावित जमीन नहीं मिल सकी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर परिषद के पास प्रतीक्षालय निर्माण के लिए फंड सुरक्षित है, समस्या केवल उपयुक्त भूमि की है।

नगर परिषद का पक्ष जानने के लिए सीएमओ से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।

चौक पर बढ़ती आवाजाही और क्षेत्रीय महत्व को देखते हुए नागरिकों ने प्रशासन से वैकल्पिक भूमि चिन्हित कर जल्द प्रतीक्षालय निर्माण की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते समाधान नहीं हुआ तो गर्मी और बारिश के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो जाएगी।

यह मुद्दा अब केवल सुविधा का नहीं, बल्कि सार्वजनिक व्यवस्था और नागरिक हित से जुड़ा विषय बन गया है, क्योंकि प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री इसी स्थान से आवागमन करते हैं।

## मां जयंती दिव्य धाम में शिव शक्ति महायज्ञ



▸ **भूमिपूजन और ध्वज स्थापना की, 5 मई से होने वाले बड़े कायक्रम की तैयारियां पूर्ण**

**सरदारपुर/चिराखान।** मां जयन्ती दिव्य धाम मे भगवान पशुपतिनाथ की प्राण प्रतिष्ठा एवं शिव शक्ति महायज्ञ आगामी 5 मई से 10 मई तक आयोजित होने वाले 21 कुण्डीय शिव शक्ति महायज्ञ की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में भूमि पूजन और ध्वज स्थापना की गई।यह कार्यक्रम पं.देवकिनंदन शास्त्री कानवन एवं पं.गजेन्द्र शर्मा दसाई के सानिध्य में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

आचार्य देवकीनंदन शास्त्री और पंडित गजेन्द्र शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ स्थल का भूमि पूजन कर उसे पवित्र किया एवं ध्वज स्थापना की गई जिसके लाभार्थी सपत्नीक शिवनारायण जायसवाल चिराखान, रामेश्वर पाटीदार बालौद, रमेशचन्द्र जायसवाल दसाई, भगवतीप्रसाद मारु पदमपुरा, बिशन नायक जयन्तीमाता रहे। 21 कुंडिय शिव शक्ती महायज्ञ को लेकर मंगलवार को भक्तों की बैठक मंदिर परिसर में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया की पांच मई से यज्ञ की शुरुआत होगी जो दस मई अंतिम दिन को पूर्णाहुति के साथ यज्ञ का समापन होगा। यह छ दिवसीय आयोजन पं.देवकीनंदन शास्त्री कानवन एवं पं.गजेन्द्र शर्मा दसाई के सानिध्य में होगा। पंडित जी द्वारा वैदिक मंत्रउच्चार के साथ यजमानों से यज्ञ में आहुति दिलवाएंगे।आयोजन में प्रथम दिन कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति शामिल होगी। छ्‌ दिवसीय आयोजन में प्रतिदिन मंदिर पर भजन मंडली द्वारा भजन कीर्तन किए जाएंगे। अंतिम दिन पूर्ण आहुति के साथ में मंदिर पर महाआरती , महाप्रसादी वितरित की जाएगी। आयोजन में नगर समेत अंचल के श्रदालु शामिल होंगे। यज्ञ में सहपत्नी समेत यजमान शुद्ध गाय के घी से यज्ञ में आहुति देंगे।भगवान पशुपतिनाथ का मंदिर क्षेत्र में कही और नही होने के कारण आस पास के लोगो मे काफी उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

## एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान को मिल रही स्पीड

**धार।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा जिले में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान को मिशन मोड में संचालित किया जा रहा है। अभियान की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। कलेक्टर के निर्देशन में अधिकारी मैदानी स्तर पर घर-घर जाकर पालकों एवं बालिकाओं को टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

साथ ही निर्धारित तिथियों पर उन्हें वैक्सीनेशन केन्द्रों तक लाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है, ताकि लक्ष्य की शीघ्र पूर्ति सुनिश्चित हो सके। जिले में 31 मार्च 2026 तक पोर्टल आधारित एचपीवी टीकाकरण की समीक्षा के अनुसार कुल 27,638 लक्षित हितग्राहियों में से 9,130 को वैक्सीन लगाई गई है, जिससे जिले की कुल उपलब्धि 33.03 प्रतिशत दर्ज की गई है। वैक्सीनेशन में प्रदेश में जिले ने 22 वा स्थान प्राप्त किया है। लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रयास निरंतर जारी है।



यह टीका किशोरियों को गंभीर एवं जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित रखने में अत्यंत प्रभावी है। यह वैक्सीन सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध है तथा वैज्ञानिक रूप से पूर्णतः सुरक्षित एवं प्रमाणित है। यह सिंगल डोज में प्रभावी सुरक्षा प्रदान करता है। 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए -ड्ढह्व पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है। अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपनी बेटियों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर निर्धारित समयानुसार वैक्सीनेशन अवश्य कराएं।

**एक नजर में** ▸ **जिले के सभी मंडलों के साथ बूथों पर ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा भाजपा का स्थापना दिवस - महंत निलेश भारती**

# भाजपा स्थापना दिवस को लेकर हुई जिला कामकाजी बैठक

**धार।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस आयोजन को लेकर बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय पर जिला कामकाजी बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें 6 अप्रैल स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई।

जिला कामकाजी बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती, धार विधायक नीना वर्मा, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदारसिंह मेडा, जिला महामंत्री राकेश पटेल, स्थापना दिवस आयोजन टोली संयोजक व भाजपा जिला महामंत्री देवेंद्र सोनोने, टोली के सह संयोजक प्रेमचंद परमार, कमल यादव व विनीत मंडलोई सरदारपुर के पूर्व विधायक वेलसिह भूरिया अतिथि रूप में मंचासीन थे।





अतिथियो ने सर्वप्रथम भारत माता व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण किया। सभी अतिथियो का भाजपा मंडल अध्यक्ष विशाल निगम व जयराज देवड़ा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष निलेश भारती ने कहा कि हम सब विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के कार्यकर्ता हैं। और हमें ऐतिहासिक रूप से हमारी पार्टी का स्थापना दिवस मनाना हैं। प्रत्येक बूथ स्तर तक पार्टी की रीति-नीति, विचारधारा और योजनाओं को पहुंचाने के लिए 6 अप्रैल पार्टी स्थापना दिवस से अभियान चलेगा।

### भाजपा कार्यकर्ता घरों पर लगाएंगे झंडा

स्थापना दिवस पर कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाजपा जिला संयोजक देवेंद्र सोनोने ने बताया की स्थापना दिवस पर 5, 6, 7 अप्रैल को सभी जिला एवं मंडल कार्यालय पर विद्युत सजावट, 6 अप्रैल को कार्यकर्ता अपने घरों पर ध्वजारोहण करेंगे, सभी कार्यकर्ता सेल्फी फेसबुक पर अपलोड करें तथा प्रत्येक बूथ पर हमें स्थापना दिवस का कार्यक्रम करना है। 9 अप्रैल को सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें जिला कार्यालय में जिला स्तर के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित करना।7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक सांसद विधायक सभी जनप्रतिनिधि एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों के द्वारा गांव बस्ती चलो अभियान के निमित्त कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।धार विधायक नीना वर्मा ने कहा कि हमे पार्टी का स्थापना दिवस बड़े त्यौहार के रूप में मनाना है।